मूंग फसल के रजिस्ट्रेशन में फर्जीवाड़ा

किसानों ने फसल बोई ही नहीं, व्यापारियों ने भर दी गोदाम, सरकार को लगाया करोड़ों का चूना

सिहोरा नवभारत। मध्य प्रदेश की किसान हितैषी डॉ मोहन यादव की सरकार किसानों को उनके द्वारा कठिन परिश्रम कर अपने खेतों में उगाई गई फसल का वाजिद दाम देने के लिए एमएसपी के आधार पर शान द्वारा निर्धारित उपार्जन केदो के माध्यम से धान गेहूं चना मसूर एवं मूंग की सरकारी खरीद की गई है। किसानों द्वारा मंडी में बेची जाने वाली मूंग की दर से लगभग 2000 प्रति क्विंटल अधिक दर पर शासकीय खरीदी की गई है।

व्यापारी माफिया को जैसे ही इतनी बड़ी मार्जिन मंडी से एवं शासकीय खरीदी में दिखाई दिया तो उन्होंने राजस्व विभाग के अधिकारियों से मिली भगत कर उन किसानों का भी मूंग के उत्पादन का फर्जी ब्यौरा पोर्टल पर चढ़वा दिया। जिन्होंने अपने खेत में मूंग की फसल की बुवाई की ही नहीं। विचारणीय तथ्य की लखनादौन क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा बहुत कम है मूंग का उत्पादन ग्रीष्मकालीन मौसम में ही होता है बिना पानी के मूंग का उत्पादन संभव नहीं है? तो फिर लखनादौन के खरीदी केदो में 18000 क्विंटल मूंग कहां से आ गई? इससे साफ जाहिर होता है कि व्यापारियों द्वारा राजस्व विभाग के अधिकारियों से मिलकर बड़ा खेला हुआ है? यह बात भी जाहिर है कि जब जिन किसानों ने अपने खेत में मूंग की फसल लगे ही नहीं तो वह कहीं से लाकर उपार्जन केदो में मूंग नहीं बेच सकते। ऐसे काम को अंजाम व्यापारी वर्ग ही दे सकता है। जो उन्होंने वृहद रूप से किया है। ऐसे आरोप जानकार किसानों के द्वारा लगाए जा रहे हैं।

संवेदनशील कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन का ध्यान आकर्षण कराया जाता है कि तत्काल जांच करवा कर वह शासन का करोड़ों रुपया बचा सकती है? जिन किसानों के नाम मूंग उत्पादन के लिए एवं बिक्री के लिए रजिस्ट्रेशन किए गए हैं यदि उनके खेतों में मूंग का बोआ जाना नहीं पाया जाता तो वह स्वयं बताएंगे कि उनके नाम से यह साजिश किसने की है?

अन्य जिलों से बुलाई गई मूंग की खेप

यदि उच्च स्तरीय जांच की जावे तों जिन किसानों के नाम से उपार्जन केदो में मूंग की फसल की खरीद चढ़ाई गई है रजिस्ट्रेशन किए गए रकबा में मूंग की फसल लगाई गई थी कि नहीं? आजू-बाजू के समीपस्थ किसानों के द्वारा जानकारी प्राप्त करने पर सत्यता पता चल सकती है। गोपनीय सूत्रों से ज्ञात हुआ है कि लखनादौन की एवं मेहता (घंसौर) की गोदाम में जो मूंग किसानों के नाम पर बिक्री की गई है वह अन्य जिलो की मंडी से खरीद कर लाई गई है। मंडी के बिल, धर्म कांटा पर्ची, बिक्री रसीद की जांच की जाए तो वास्तविकता पता चल सकती है। यदि राजस्व विभाग द्वारा जिन किसानों के खेतों का मूंग उत्पादन बताया गया है उन खेतों में अभी भी ढूंठ का पता लगा कर यह ज्ञात किया जा सकता है की इस रकबे में फसल बोई गई थी कि नहीं?

राज्यपाल का निरीक्षण, बच्चों को दी सफलता की प्रेरणा

सिवनी नवभारत। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने बुधवार 20 अगस्त को ग्राम झोला प्रवास के दौरान प्राथमिक शाला झोला का भी निरीक्षण किया। राज्यपाल ने विद्यालय भवन एवं कक्षाओं का अवलोकन कर शिक्षण व्यवस्था और विद्यार्थियों की प्रगति की जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरान राज्यपाल ने बच्चों से आत्मीय संवाद स्थापित किया। उन्होंने बच्चों से सामान्य प्रश्न पूछे, जिनका उत्साहपूर्वक उत्तर देकर बच्चों ने अपनी जिज्ञासा और आत्मविश्वास का परिचय दिया। राज्यपाल ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि शिक्षा जीवन को नई दिशा देती है। उन्होंने बच्चों से कहा कि वे पूरी निष्ठा और मन लगाकर पढ़ाई करें, अपनी प्रतिभा को निखारें और आगे चलकर समाज की सेवा करें।

राज्यपाल ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा की ज्योति ही विकास की आधारशिला है। बच्चों की तरक्की के साथ ही गांव और समाज प्रगति की राह पर आगे बढ़ते हैं। उन्होंने बच्चों को स्वच्छता, अनुशासन और संस्कारों के महत्व से भी अवगत कराया। राज्यपाल ने शिक्षकों से शैक्षणिक गतिविधियों, पढ़ाई की गुणवत्ता और विद्यार्थियों के परिणाम की जानकारी ली। उन्होंने शिक्षकों को बच्चों की पढ़ाई में विशेष रुचि लेकर गुणात्मक शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर जनजातीय कार्य विभाग मंत्री डॉ. विजय शाह, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मालती डेहरिया, विधायक सिवनी श्री दिनेश राय, भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। साथ ही कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन, सीईओ जिला पंचायत श्री नवजीवन विजय एवं प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद थे।

विधायक ने राज्यपाल का किया आत्मीय स्वागत-ग्राम परिचय कार्यक्रम में शामिल हुए

सिवनी नवभारत। बुधवार को सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन ने महामहिम राज्यपाल का आत्मीय स्वागत कर ग्राम परिचय व अन्य कार्यक्रमों मे शामिल हुए। आज विधायक दिनेश राय मुनमुन द्वारा मध्यप्रदेश के महामहिम राज्यपाल मंगूभाई पटेल एवं जनजातीय कार्य विभाग मंत्री विजय शाह के ग्राम झोला (केवलारी) आगमन पर पुष्प गुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया। तथा आयोजित ग्राम परिचय एवं अन्य कार्यक्रमों विधायक दिनेश राय मुनमुन अतिथियों के साथ शामिल हुए। इस अवसर पर जिपं अध्यक्ष मीना बिसेन, मालती डहेरिया अध्यक्ष जिला पंचायत सहित अधिकारियों, कर्मचारियों, छात्र-छात्राओं एवं ग्रामवासियों की गरिमामय उपस्थिति रही।

एक नजर में

पशु पालक के लिए वरदान है पशु का बीमा

छपारा। राष्ट्रीय पशु धन योजना अंर्तगत प्रदेश के सभी जिले में पशु बीमा का कार्यक्रम चालू हो चुका है, जिस पर छपारा जनपद के खंड पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ एस के गौतम ने जानकारी देते हुए कहा कि पशु पालक के लिए वरदान हैं पशुओं का बीमा आवश्यक है। जिसमें बताया गया कि 9 वर्ष तक कि भैंस और 9 वर्ष तक कि गाय का बीमा करवाया जा सकता है जिसमे सरकार द्वारा चयनित कंपनी द्वारा किया जा रहा है जिसमे 4ब्र की दर से बीमा किया जाता है अर्थात 10 हजार कीमत के पशु का बीमा 400 रुपये में हो जाता है जिसमे से आधी राशि शासन द्वारा दी जाती है इस योजना अंर्तगत सभी पशु पालक अपने पशु का बीमा करवा सकेंगे अधिक जानकारी के लिए पशु पालक, पशु चिकित्सालय में संपर्क कर सकते हैं एवं सभी पशु पालक बन्धुओ से निवेदन है कि इस योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। इस योजना का सबसे बड़ा लाभ ये है कि पशु की अकाल मृत्यु हो जाने पर कृषकों की आर्थिक हानि को कम किया जा सकता है।

1000 बच्चों को पीएनबी मेटलाइफ ने भेंट किए स्कूल बैग

सिवनी। निरंतर विकास और स्थानीय लोगों की मदद के लिए, पीएनबी मेटलाइफ ने पुराने विज्ञापन होर्डिंग और बैनर से 1,000 पर्यावरणङ्कअनुकूल स्कूल बैग बनाए और इन्हें मध्य प्रदेश के सिवनी जिले में बच्चों को भेंट दे दिए। पीएनबी मेटलाइफ के चीफ मार्केटिंग एवं कम्युनिकेशन ऑफिसर सौरभ लोहटिया ने कहा, यह पहल केवल अपसाइक्लिंग नहीं है, बल्कि हमारे इस विश्वास का प्रतीक है कि हर बच्चे को शिक्षा पाने के लिए सही संसाधन मिलने चाहिए। मार्केटिंग सामग्री का रचनात्मक पुनः उपयोग कर हम पर्यावरणीय और सामाजिक बदलाव दोनों को बढ़ावा देना चाहते हैं। यह पहल दिखाती है कि पीएनबी मेटलाइफ समाज की भलाई के लिए लगातार विकास, लोगों को मजबूत बनाने और सबको साथ लेकर आगे बढ़ने के लिए काम कर रही है। साथ ही यह भी बताती है कि कारोबार समाज की मदद के लिए नए तरीके अपना सकते हैं।

दिलीप विश्वकर्मा लापता

सिवनी। ग्राम बम्होडी फौजी पेट्रोल पंप के पास छिंदवाड़ा रोड सिवनी में रहने वाली पीड़िता ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि रोड के किनारे ही मकान से लगी हुई उनकी खेती है और खेती किसानी का भी काम करते हैं। 18 अगस्त 2025 के दिन 4 बजे मेरे पति दिलीप विश्वकर्मा पिता छबिलाल विश्वकर्मा उम्र 50 जिनकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। दोपहर 4 बजे घर से निकलकर खेत की ओर गए, वहां से पैदल कहीं आगे चले गए।

हितलाभ पाकर खिले हितग्राहियों के चेहरे

सिवनी। कार्यक्रम के अंत में राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल एवं अन्य अतिथियों ने विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से लाभांवित हितग्राहियों को प्रतिकात्मक स्वरूप हितलाभ का वितरण किया। इस अवसर पर महिला स्व-सहायता समूह को सीसीएल चैक, हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, लाडली लक्ष्मी योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, स्वाईल हेल्थ कार्ड का वितरण किया गया।

कांग्रेस के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष ने पदभार ग्रहण किया

छपारा क्षेत्र से भी शामिल हुए कांग्रेस कार्यकर्ता



छपारा नवभारत। बुधवार 20 अगस्त को सिवनी में हुए कांग्रेस के नए जिलाध्यक्ष के शपथ ग्रहण समारोह में केवलारी विधायक ठा.रजनीश हरवंश सिंह, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के साथ इंदिरा भवन जिला कांग्रेस कार्यालय सिवनी में नवनियुक्त जिलाध्यक्ष नरेश मरावी के पदभार ग्रहण कार्यक्रम में शामिल हुए।

कार्यक्रम के आयोजन में सर्वप्रथम जिला कांग्रेस कार्यालय सिवनी में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं आधुनिक भारत के निर्माता पंचायती राज और सूचना क्रांति के जनक, पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. राजीव गांधी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। तदोपरांत नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने जिला कांग्रेस कमेटी सिवनी के नवनियुक्त ज़िलाध्यक्ष के पदभार ग्रहण समारोह में नरेश मरावी को जिलाध्यक्ष का पदभार सौंपा। इस अवसर पर जिला, नगर एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी, वरिष्ठ कांग्रेस जन, सभी मोर्चा संगठन, प्रकोष्ठ विभाग, ब्लॉक अध्यक्ष एवं पदाधिकारी, कांग्रेस के निर्वाचित जनप्रतिनिधि, प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि व पदाधिकारी, मंडलम, सेक्टर एवं बूथ अध्यक्ष पदाधिकारी तथा कांग्रेस पार्टी के सभी साथियों सहित छपारा क्षेत्र के कांग्रेस जन उपस्थिति रहे।

भगवान बलराम के जन्मोत्सव पर 100 यूनिट ब्लड संग्रह

खैरा पलारी नवभारत। विगत दिवस 18 अगस्त दिन सोमवार को मानव सेवा ही माधव सेवा को चरितार्थ करते हुए अखिल भारतीय किरार क्षत्रिय महासभा नवयुवक मंडल जिला सिवनी के तत्वाधान में भगवान बलराम जी के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पलारी में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया, कार्यक्रम शुभारंभ के पूर्व सर्वप्रथम समाज के आराध्य देव भगवान बलराम के छाया चित्र पर समाज के वरिष्ठ लोगों द्वारा पुष्पांजलि अर्पित कर दीप प्रज्वलित किया गया भगवान बलराम जी की पूजन अर्चन के उपरांत सभी को तिलक वंदन कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई जहां क्षेत्र के युवाओं एवं मातृ शक्तियों ने शिविर में उपस्थित होकर उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। इस अवसर पर इंदिरा गांधी जिला चिकित्सालय की ब्लड बैंक टीम ने लगभग 100 यूनिट ब्लड संग्रह किया। रक्तदान के बाद सभी रक्तदान दाताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया साथ ही सभी रक्तदान दाताओं को फलों का जूस एवं स्वल्पाहार दिया।

समाज के पदाधिकारियों द्वारा बताया गया कि रक्तदान महादान है यह जरूरतमंद व्यक्तियों के जीवन को बचाने के लिए सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए युवा जिला अध्यक्ष डॉ नरेंद्र ठाकुर, उनकी पूरी टीम एवं समाज के सभी युवाओं को समाज के वरिष्ठ लोगों ने बधाई दी। इस अवसर पर अखिल भारतीय किरार क्षत्रिय महासभा के जिला अध्यक्ष बृजमोहन पटेल, संगठन मंत्री प्रदीप पप्पू पटेल, सचिव धन सिंह ठाकुर, मीडिया प्रभारी देवेंद्र ठाकुर, अखिल भारतीय किरार क्षत्रिय महासभा नवयुवक मंडल राष्ट्रीय संगठन मंत्री मनोज ठाकुर ठाकुर, युवा जिला अध्यक्ष डॉ नरेंद्र ठाकुर, महामंत्री शिवम ठाकुर, शुभम दयाल पटेल, सचिव निलेश ठाकुर, राजेंद्र ठाकुर, पूर्व जिला अध्यक्ष राहुल ठाकुर, महेंद्र अरोदिया, अखिलेश अमरोदिया, आदेश ठाकुर, विकास ठाकुर, पिंकेश ठाकुर, आदित्य ठाकुर, प्रभात ठाकुर, शिवा ठाकुर, आशीष ठाकुर, राकेश ठाकुर, शैलू ठाकुर, दीनदयाल ठाकुर, अरुण ठाकुर, महेंद्र ठाकुर आदि क्षेत्र के सैकड़ो युवा एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

गांजा की तस्करी करते हुए लखनादौन पुलिस ने एक व्यक्ति को पकडा

सिवनी नवभारत। पुलिस अधीक्षक शिमाला प्रसाद महोदया द्वारा अवैध मादक पदार्थ के खिलाफ कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया है इसी तारतम्य में ए.एस.पी दीपक मिश्रा एवं एसडीओपी अपूर्व भलावी के मार्गदर्शन में दिनांक 19/08/25 को मुखबीर से सूचना प्राप्त होने पर गुंगवारा रोड गुरूकृपा कृषि केन्द्र के पास पुल के नीचे गनेशगंज में अवैध रुप से गांजा रखे होने की सूचना पर एक व्यक्ति को स्टाफ की सहायता से घेराबंदी कर पकडा गया जिससे स्टाफ द्वारा नाम पता पूछने पर अपना नाम अखिलेश चौकसे पिता गौरीशंकर चौकसे निवासी ग्राम केकडा थाना आदेगांव का रहने वाला बताया जिसके कब्जे से एक लाल रंग के थैले में 580 ग्राम गांजा जप्त किया गया। आरोपी से अवैध मादक पदार्थ रखने के सबंध में कोई वैद्य दस्तावेज लायसेंस न होने पर आरोपी के विरूद्ध धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उल्लेखनीय है कि आरोपी अखिलेश चौकसे के विरूद्ध अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा से संबंधित अपराध अन्य थानो में भी दर्ज है।

इस कार्यवाही में थाना प्रभारी लखनादौन श्री के.पी धुर्वे, उनि श्रीचंद मरावी, आरक्षक धनेश्वर यादव, शिवम बघेल, ओमप्रकाश धुर्वे (असूचना संकलन), ओमकार पटेल, पृथ्वी सरयाम का सराहनीय योगदान रहा।

कोर्स में 125 शिक्षकों की सहभागिता

सिवनी नवभारत। भारत स्काउट गाइड राज्य मुख्यालय के निर्देशानुसार भारत स्काउट गाइड जिला संघ शिवानी द्वारा जिला कमिश्नर एवं जिला शिक्षा अधिकारी शिव सिंह कुमरे के मार्गदर्शन में आज सिवनी बरघाट एवं केवलारी विकासखंड के अप शिक्षित शिक्षकों का एक दिवसीय विग नर्स कोर्स कृष्णम गार्डन में संपन्न हुआ इस कोर्स में 125 शिक्षकों ने अपनी सहभागिता प्रदान कर स्काउट गाइड आंदोलन की प्राथमिक जानकारी प्राप्त की सभी शिक्षकों को बिगनर्स कोर्स की पुस्तिका प्रदान की गई तथा पुस्तिका के अनुसार उन शिक्षकों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया इस प्रशिक्षण का संचालन रूख स्काउट विजय शुक्ला द्वारा किया गया जिसमें श्रीमती सायरा बानो कुरेशी, गाइड रामप्रसाद कोहरू स्काउट अमित कुरेशी परी स्काउट राम नारायण राय एडवांस स्काउट मास्टर द्वारा विभिन्न विषयों पर जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर जिला संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष छीद्धि लाल श्रीवास सेवानिवृत्ति राष्ट्रपति पुरस्कार ने भी अपनी बात स्काउट आंदोलन के विषय पर कहीं प्रशिक्षण में पंजीयन का कार्य बीआर प्रजापति एवं सतेंद्र चौधरी द्वारा पूर्ण किया गया।

अंत में सभी शिक्षकों को जमा की गई राशि की रशीद प्रदान की गई ये सभी शिक्षक जिन्होंने एकदिवसीय बिगनर कोर्स पूर्ण किया है वे आगामी तिथियां में जिला स्तर पर आयोजित बेसिक स्काउट मास्टर एंड गाइड कैप्टन प्रशिक्षण सिविल मेंअपनी सहभागिता प्रदान कर जिले में स्काउट आंदोलन प्रगति प्रदान करने में अपना सहयोग प्रदान करेंगे।

उत्कृष्ट कार्य के लिए कान्हीवाडा समिति प्रबंधक सम्मानित

सिवनी नवभारत। स्वतंत्रता दिवस 2025 के अवसर पर आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में कलेक्टर द्वारा विभिन्न विभागों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर संस्कृति जैन ने बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी सोसायटी कान्हीवाडा के प्रबंधक श्री जगदीश प्रसाद डहेरिया को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। श्री डहेरिया को यह सम्मान उनके प्रबंधकीय कार्यकाल के दौरान सफल खरीदी केंद्र संचालन, खाद वितरण व्यवस्था तथा राशन दुकानों के सुचारू संचालन जैसे उल्लेखनीय कार्यों के लिए प्रदान किया गया। जिला प्रशासन ने कहा कि उनकी कार्यशैली और समर्पण ने न केवल संस्था की कार्यक्षमता बढ़ाई है बल्कि किसानों व उपभोक्ताओं को समय पर और गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध कराने में भी अहम भूमिका निभाई है। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं नागरिक उपस्थित रहे और सम्मानित व्यक्तियों का उत्साहवर्धन किया।

प्रशिक्षण योग यात्रा खेल यात्रा का तीन दिवसीय प्रशिक्षण में दी जानकारी

फिजिकल एजुकेशन शिविर से लाभान्वित हुए जिले के 175 शिक्षक

सिवनी नवभारत। समग्र शिक्षा अभियान सेके.एजु. जिला सिवनी के तत्वाधान में 3 दिवसीय फिजिकल एजुकेशन इस्ट्रक्टर शारीरिक शिक्षा अनुदेशक का आयोजन पीएमश्री महाविद्यालय सिवनी में आयोजित किया गया।

इस आयोजन में अतिथि के रूप में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रविशंकर नाग एवं जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष अजय पांडे के सी राउत, एवं सहायक जिला शिक्षा अधिकारी आरपी पाटिल कमलेश टेंभरे, डॉ. निशांत दुबे दिनेश शर्मा की उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मास्टर ट्रेनर के रूप में खेल शिक्षक देवेन्द्र ठाकुर, संदीप तिवारी, अरविंद चंदवशी सहित क्रिकेट के क्षेत्र में आशीष दीक्षित, राजेश बास्केटबाल में कमलेश डहेरिया फिजिकल एक्टेविटिज शिरीष तिवारी थे। आयोजन में अनिल राजपूत अनिल परमार सुनील मर्सकोले प्रेम श्रीवास्तव, कैलाश साहू, योगेश पाठक, अनिल पाटिल, राजिक खान, हेंमत शेंडे, आशीष तिवारी, अरविंद तिवारी, श्री जंघेला की उपस्थिति में 175 लोगां ने भाग लिया।

इस दौरान स्वदेशी खेल, खेल मनोविज्ञान, आफ शिटिंग एण्ड कोचिंग लक्ष्य निर्धारण बायोमेकनिकल 1 कि शोलाजी सहित राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत स्वच्छता शारीरिक शिक्षा के साथ साथ कक्षा 3 से योग यात्रा खेल यात्रा का तीन दिनों में प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम के अंतिम दिवस डॉ. रविंशकर नाग ने कहा कि यह कार्यक्रम के माध्यम से हम अपनी प्राचीन विरासत से जुडे रहे है और शासन की मंशा भी यही है कि व्यक्ति के विकास के लिए इस तरह के प्रशिक्षण से युवा वर्ग लाभावित हो, खेल शिक्षक देवेन्द्र ठाकुर ने कहा कि महाविद्यालय ने इस प्रशिक्षण में हाल उपलब्ध कराया साथ ही आपका मार्गदर्शन से हम लाभांवित हुए।

पैसा ठीक होने के बाद

जगजीवन आयुर्वेदिक दवाखाना

शादी के पहले एवं शादी के बाद की कमजोरी, उम्र की अधिकता से कमजोर सेक्स, टाइमिंग की कमी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, लिंग का टेढ़ापन छोटापन, नि:संतानता, शिथिलता, शुगर से आयी कमजोरी आदि सभी सेक्स समस्याओं का सफल इलाज किया जाता है

सिवनी में मिलें हर मंगलवार व बुधवार
प्राइवेट बस स्टेण्ड बैनगंगा काम्पलेक्स, शाप नं.-63, सिवनी

बालाघाट में मिलें हर शनिवार व रविवार
गुरूनानक पेट्रोल पम्प के सामने समाजवाड़ी रोड, बालाघाट

9243880464, 7879453857

श्री श्याम आयुर्वेदिक

गुप्त रोगी मिलें, जोश व टाईम बढ़ायें

शीघ्रपतन, स्वप्न दोष, नामर्दी, धातु, ढीलापन, बचपन में की गलतियों से नसों में आयी कमजोरी, इंद्रीय में पतलेपन व छोटा होना एवं शुक्राणु की कमी, सभी प्रकार के महिला व पुरुष के गुप्त रोगों का इलाज किया जाता है

पैसे बीमारी ठीक होने के बाद

आशीर्वाद हॉस्पिटल के सामने, शुक्रवारी सिवनी मो.न 8989145127